# न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बसिया (गुमला)

## आदेश

वाद सं0 – एम0 19 / 2025–26
धारा 126 बी0एन0एस0एस0

प्रथम पक्ष : जॉन बी0जे0 सुरीन
बनाम
द्वितीय पक्ष : खुशी कुमारी वगै0

| आदेश की क्र0सं0 एवं तारीख | दण्डाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई एवं टिप्पणी |
|---|---|---|
| | वाद की कार्रवाई बी0एन0एस0एस0 की धारा 126 के तहत बसिया थाना के अप्राथमिकी संख्या 08 / 2025, दिनांक 09.06.2025 के द्वारा प्रतिवेदित **प्रथम पक्ष** : 1. जॉन बी0जे0 सुरीन उम्र 58 वर्ष, पिता – अगुस्टीन सुरीन, ग्राम – कोनबीर नवा टोली, थाना – बसिया, जिला – गुमला बनाम **द्वितीय पक्ष** : 1. खुशी कुमारी, उम्र 32 वर्ष, पिता – स्व0 दुखिया महतो, 2. रितेश कुमार महतो, उम्र 35 वर्ष, ग्राम – कोनबीर नवा टोली, थाना – बसिया, जिला – गुमला के मध्य मौजा – कोनबीर के खाता संख्या 128, प्लॉट संख्या 129, रकबा 0.50 डी0 भूमि विवाद को लेकर आपस में तनाव एवं उत्पन्न विधि व्यवस्था की समस्या के आलोक में प्रारंभ की गई। उत्पन्न विवाद के मद्देनजर उभय पक्षों को कारण पृच्छा दाखिल करने हेतु नोटिस निर्गत किया गया।<br><br>तद्आलोक में उभय पक्ष नोटिस प्राप्त कर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए कारण पृच्छा दाखिल किए है, जो अभिलेख में संधारित है।<br><br>प्रश्नगत मामले में संबंधित पक्षकारों के द्वारा न्यायालय में तथ्यों के प्रस्तुतीकरण एवं न्यायिक कार्यावधि के संपूर्ण काल में थाना या अन्य किसी स्रोत से किसी प्रकार की विधि व्यवस्था भंग होने की सूचना प्राप्त न होने के कारण उक्त मामले को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 126 के तहत विर्निदिष्ट समयावधि पूर्ण होने के फलस्वरूप बिना गुण–दोष के इस हिदायत के साथ समाप्त की जाती है कि सभी संबंधित पक्षकार प्रश्नगत स्थल पर लोक परिशांति व विधि व्यवस्था बनाए रखेंगे।<br><br>लेखापित एवं संशोधित।<br><br>अनुमण्डल दण्डाधिकारी,<br>बसिया।<br><br>कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी * बसिया (गुमला) *<br><br>अनुमण्डल दण्डाधिकारी,<br>बसिया। | |

Digitally signed by JAIWANTI DEOGAM
Date: 2026.01.06 11:20:12 +05:30
Location: 192.168.1.35